### केंद्रीय कार्यालय में आजसू का मिलन समारोह आयोजित

# राज्य के विकास एवं सामाजिक बेहतरी के लिए अधिवक्ता आगे आएं : लंबोदर महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ का लक्ष्य और उद्देश्य स्पष्ट है- आम जनमानस को उनके अधिकार, संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार तथा संवैधानिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी प्रदान करना तथा शोषितों, वंचितों, पिछड़ों और समाज के अंतिम छोर पर खड़े लोगों को न्यायिक प्रक्रियाओं से अवगत कराना और न्याय दिलाना। राज्य के विकास एवं सामाजिक बेहतरी के लिए अधिवक्ताओं को आगे आकर नेतृत्व देना होगा, यही मौजूदा समय की जरुरत है। यह बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव डॉ. लंबोदर महतो ने रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में उपस्थित अधिवक्ताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने सभी अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि आत्मसंतुष्टि के लिए कार्य करें, शोषितों-पीड़ितों और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को न्यायिक विषयों एवं न्यायिक प्रक्रिया में मदद करें। कहा कि जबतक जिम्मेदार लोग आगे आकर नेतृत्व नहीं करेंगे तबतक राज्य का कायाकल्प संभव नहीं है।

पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा कि आज भी ग्रामीणों में कानूनी विषयों की जानकारी बहुत कम है। जागरुकता की कमी के कारण सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी आम जनता को कोर्ट, कचहरी एवं कार्यालयों का चक्कर लगवाते रहते हैं। ऐसी परिस्थितियों में अखिल झारखण्ड अधिवक्ता संघ की जिम्मेदारियां और बड़ी हो जाती है। ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ताओं को बड़ी एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

मौके पर आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए विधि विभाग, झारखंड सरकार के पूर्व प्रधान कानून सचिव एवं पूर्व न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार आजसू पार्टी बिना भय, पक्षपात, राग या द्वेष के सकारात्मक राजनीति करती आई है, ठीक उसी प्रकार अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। राज्य में कानून का शासन स्थापित हो तथा न्यायिक स्वतंत्रता बरकरार रहे, इसे लेकर हमें व्यापक रोडमैप के साथ कार्य करना है।

### आड्रे हाउस में आयोजित टाटा लिटरेरी मीट में जोनाथन गिल हैरिस ने कहा-

# कई यूरोपीय देशों ने भारत की संस्कृति और भाषा को सराहा

### भारत में विविध भाषा का प्रभाव इस देश की सुंदरता

**मालविका बनर्जी के साथ जोनाथन और जियांलुका की यूरोप के मुसाफिरों पर चर्चा**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** दिल्ली में रहने वाले लेखक और शिक्षक जोनाथन गिल हैरिस ने कहा कि भारत में कई यूरोपियन यहां आये और यहां की संस्कृति को आत्मसात किया। श्री हैरिस रविवार को टाटा लिटरेरी मीट के अंतिम दिन रविवार को व्याख्यान दे रहे थे। यह आयोजन आड्रे हाउस में किया गया था। उन्होंने कहा कि कई यूरोपियन ने यहां की संस्कृति में खुद को समाहित कर लिया। कई ऐसे फिरंगी भी आये, जिन्होंने अपना धर्म भी बदल लिया। मैं भी अपने को भारतीय बनाने का प्रयास कर रहा हूं। यह आसान नहीं है। यहां की भाषा का इस्तेमाल एक भारतीय की तरह करना आसान नहीं है। भारतीय भाषा बहुत समृद्ध है। यहां के लोग एक भाषा से बात शुरू करते हैं, दूसरी भाषा में जाकर तीसरी भाषा में अपनी बात समाप्त करते हैं। इसमें हिंदी अंग्रेजी और स्थानीय भाषाएं शामिल हैं। यह इस देश की भाषा की सुंदरता है। ऐसा विश्व के किसी देश में नहीं होता है।

उन्होंने अपनी पुस्तक फर्स्ट फिरंगीज पर भी चर्चा की। पत्तर गुरू और डार्जिया गोर्ता के कैरेकटर की कहानी भी सुनायी। उन्होंने बताया कि कैसे डॉर्जिया की बेटी ने कई देशों का भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि कैसे डॉर्जिया की चिकित्सक बेटी ने विश्व के कई देशों का भ्रमण करने के बाद भारत में यहां की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से इलाज शुरू किया। यहां आयुर्वेद का एक बागान तैयार किया। वह भारत आकर यहीं की हो गयी। यहां की संस्कृति को अपना लिया। पत्तर गुरु के नाम से प्रसिद्ध थॉमस स्टीवन गोवा और बंगलुरु की सीमा पर एक गांव में बस गये। यहां की संस्कृति पर कई रचनाएं लिखी।

भारत में इटली के काउंसुलेट जनरल जियांलुका रुबागॉती ने भी कई किताबें लिखी है। उनका मानना है कि सभी भाषाओं की अपनी-अपनी विशेषता है। लेखन की शैली भी अलग-अलग है। ताजमहल का डिजाइन इटली में होने का प्रमाण कई लेखों में है। इसको लेकर कई तरह की चर्चाएं भी है। उन्होंने कहा कि काम की बाध्यता के कारण किसी देश में लंबे समय तक रहना नहीं हो पाता है। इस कारण वहां की संस्कृति से बहुत नहीं घुल-मिल पाता हूं। मौके पर रजत कपूर, विनय पाठक, गीतांजलि श्री, पूनम सक्सेना आदि ने भी विचार रखे।

### मोरहाबादी में सांसद संजय सेठ ने की चाय पर चर्चा, प्रत्येक रविवार को होगी चाय पर चर्चा, 22 जगह चिह्नित

# नागरिकों के सुझाव से बनायेंगे मॉडल रांची

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने रविवार की सुबह मोराबादी मैदान में तीन स्थानों पर नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान सांसद श्री सेठ ने रांची में बेहतर कानून व्यवस्था, नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने आदि पर सुझाव मांगा। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि हम सरकार से भी बेहतर की उम्मीद करते हैं। सरकार को इस दिशा में काम करना चाहिए। यह शहर हमारा अपना शहर है। इस लिहाज से हम नागरिकों का भी कर्तव्य बनता है कि बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि रांची को बेहतर बनाने के लिए आप सबके सुझाव का सदैव स्वागत है। सीधे मुझे या मेरे कार्यालय के माध्यम से रांची के जो भी नागरिक चाहें वो अपने सुझाव दे सकते हैं। चाय पर चर्चा के बाद सांसद ने बताया कि रविवार से ही मुहिम शुरू हो गयी है।

सांसद ने बताया कि अभी तक उन्होंने रांची के 22 ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है जहां रविवार की सुबह में चाय पर चर्चा होगी। इस दौरान केके गुप्ता, वरूण साहू, नीरज सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एचइसी में प्लांटों के बीच आज से हल्ला बोल कार्यक्रम होगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** एचइसी लिमिटेड श्रमिक कर्मचारी यूनियन की बैठक यूनियन कार्यालय में रविवार को संजय सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में एचईसी की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों का विचार जाना गया। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि मजदूरों को एक सूत्र में बांध, आगे का आंदोलन किया जाएगा। सोमवार से सभी यूनियन सदस्य अलग-अलग प्लांटों में हल्ला बोल कार्यक्रम शुरू करेंगे। मजदूर चाहे किसी यूनियन के सदस्य हो सभी मजदूर को एक मंच पर लाकर प्रबंधन का विरोध करेंगे एवं अपनी आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे।

इस बैठक में अध्यक्ष प्रकाश कुमार महामंत्री कृष्ण मोहन सिंह समेत काफी संख्या में कामगार उपस्थित थे।

# अरविंद राजगढ़िया जेसीआइ रांची के अध्यक्ष और सचिव बने तरुण अग्रवाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई रांची की नई टीम का चयन 11 दिसंबर को किया गया। इसमें सर्वसम्मति से टर्म 2023 के लिए अरविंद राजगढ़िया को अध्यक्ष चुना। चुनाव में सभी पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव और अन्य सदस्य उपस्थित थे। नई टीम में 6 उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी, देवेश जैन, निखिल अग्रवाल, प्रतीक जैन, निशांत मोदी और पियूष केडिया हैं। तरुण अग्रवाल को सचिव चुना गया। सह सचिव रवि आनंद निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन चुने गए।

निदेशक के रूप में अविकल मसकरा, कौशल मुरारका, चंद्रेश बजाज, राहुल टिबड़ेवाल, निखिल मोदी, अंकित मोदी, संकेत सरावगी, रौनक टेकरीवाल, सौरव जालान, शुभम बुधिया, मोहित बागला, अंकित अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, आदित्य जालान, अंकित मंत्री, अंकित जैन, मयंक अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, ऋषभ सिंघानिया और नटवर बाजोरिया को चुना गया। चुनाव प्रक्रिया पूर्व अध्यक्ष गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में गठित टीम की देखरेख में हुआ। टीम में सभी पूर्व अध्यक्षों के साथ-साथ अमित खोवाल और मनीष रामसिसरिया ने मुख्य भूमिका निभाई। नव-निर्वाचित अध्यक्ष ने सदस्यों को यकीन दिलाया कि? वे और उनकी पूरी टीम संस्था एवं समाज को और ऊंचे स्तर पर ले जाने का प्रयत्न करेगी, जो नये मानको का प्रतीक होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संकेत सरावगी ने दी।

### दो के खिलाफ परिजनों ने दर्ज करायी प्राथमिकी

# हिंदपीढ़ी के नूर नगर में युवक की हत्या

**एक निर्माणाधीन मकान से मोहम्मद राज नामक युवक का शव बरामद हुआ**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना इलाके में स्थित नूर नगर के एक निर्माणाधीन मकान से मोहम्मद राज नामक युवक का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गयी। राज की हत्या पत्थर से कूचकर की गयी है। शव मिलने के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली थाने को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

इधर मृतक के परिजनों ने पुरानी दुशमनी में हत्या की अशंका जताते हुए नूर मस्जिद निवासी विल्ली एजाज एवं उसका पुत्र बेलाल के खिलाफ थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है।

वहीं मोहम्मद राज का शव मिलने के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मोहम्मद राज के शव को परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि परिजनों ने हत्या की अशंका जतायी है। मृतक की पहचान छोटा तालाब के पास रहने वाले राज के रूप में हुई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आसपास इलाके के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगालने में लगी है, ताकि पता चल सके कि मृतक के साथ कौन-कौन इस निमार्णाधीन मकान में आया था, जिससे हत्या की गुत्थी सुलझाने में मदद मिल सके।

कोतवाली पुलिस का कहना है कि परिजनों ने हत्या की अशंका जताते हुए विल्ली एजाज एवं एसके पुत्र बेलाल के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस इस बिंदू पर भी जांच कर रही है।

# नामकुम में छह गोवंश मृत मिले

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम ओवरब्रिज के पास रविवार को आधा दर्जन के करीब गोवंश मृत पाए गए हैं। सड़क से कुछ ही दूरी पर सभी गोवंश को फेंक दिया गया था। आशंका जताई जा रही है कि पशु तस्करों के द्वारा तस्करी के दौरान सभी गोवंश की मौत हो गई होगी। जिसके बाद उन्हें नामकुम ओवरब्रिज के पास फेंक दिया गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद नामकुम पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने जुट गयी है,ताकि मामले की सच्चाई का पता चल सके।

**आक्रोशित हैं स्थानीय** : इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोग बेहद आक्रोश में थे। लोगों का कहना था कि धड़ल्ले से इस इलाके में पशु तस्करी की जा रही है, पशु तस्कर ट्रकों में ठूंस ठूंस कर गोवंश को अपने साथ ले जाते हैं। माना जा रहा है कि काफी अधिक मात्रा में गोवंश रखने की वजह से ही उनकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर पूरे मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# रांची रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित एस्केलेटर का हुआ लोकार्पण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन में रविवार को नवनिर्मित एस्केलेटर का लोकापर्ण स्थानीय सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी और आदित्य प्रसाद, विधायक सीपी सिंह और मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

रांची रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म से सकुर्लेटिंग एरिया तक आने के लिए विस्तारित फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के सकुर्लेटिंग एरिया वाले छोर पर नवनिर्मित स्वचालित सीढ़ी (एस्केलेटर) की स्थापना की गयी है, जिससे यात्रियों को फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) पर आवागमन में सहूलियत होगी। इस अवसर पर सांसदों एवं विधायक ने रांची रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध अन्य यात्री सुविधाओं को देखा एवं रांची रेल मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए किए जा रहे प्रयास की सराहना की।

नवनिर्मित स्वचालित सीढ़ी (एस्केलेटर) के लोकार्पण के अवसर पर मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) सतीश कुमार, अपर मंडल रेल प्रबन्धक मनीष कुमार, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) बमबम पांडे, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) कुलदीप कुमार, मंडल परिचालन प्रबंधक श्रेया सिंह, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी डॉ देबराज बनर्जी एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी रांची स्टेशन पर उपस्थित थे।

# सीएमपीडीआई में इमोशनल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई के कोयल हॉल में इमोशनल इंटेलिजेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वाराणसी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइसेज के प्रोफेसर डॉ संजय सक्सेना मौजूद थे। मौके पर प्रो. डॉ सक्सेना ने इमोशनल इंटेलिजेंस के बारे में बताया कि किस प्रकार आत्म जारूकता, सेल्फ रेगुलेशन, सेल्फ मोटिवेशन, पारस्परिक संबंधों का प्रबंधन और विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से अपने विचारों और व्यवहार के माध्यम से अपनी भावनाओं को नियंत्रित किया जाए। इस मौके पर सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य कर्मियों को बिना भावनाओं के प्रभावी ढंग से निर्णय लेने में सक्षम बनाने की दिशा में अग्रसर करना है। उन्होंने कहा कि अपनी भावनात्मक कमियों की पहचान करें और उन्हें दूर करें जो उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करेगा।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) एसके गोमास्ता ने कार्यशाला जैसी पहल की सराहना की और कहा कि भावनाओं को समझना और उन्हें नियंत्रित करना कर्मियों को लाभान्वित करेगा और अंततः राष्ट्र निर्माण की ओर ले जाएगा। इसके पूर्व सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) चार्ल्स जस्टर ने कार्यशाला की आवश्यकता और उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि सीएमपीडीआई निकट भविष्य में इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन करेगा।

सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) एसके गोमास्ता के अलावा सीएमपीडीआई (मुख्यालय) और क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षगण एवं कार्यपालकों ने सत्र में भाग लिया।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने एनई होरो की मनायी पुण्यतिथि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा एवं अबुआ झारखंड पार्टी के तत्वावधान में रविवार को स्वर्गीय एनई होरो की पुण्यतिथि मनाई गई। स्वर्गीय एनई होरो के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि आंदोलन के इतिहास में स्वर्गीय एनी होरो का महत्वपूर्ण योगदान है। जिसे किसी कीमत पर भुलाया नहीं जा सकता। एनई होरो की आदम कद प्रतिमा विधानसभा में लगाया जाये।

झारखंड आंदोलन में एक समय विराम की स्थिति आ गई थी। जिसे एनी होरो ने अपने कुशल नेतृत्व में इस इस विराम की स्थिति से निकालकर गति प्रदान की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में भी संसदीय रास्ते से विधानसभा एवं लोकसभा में भी झारखंड की बात को रखा। अबुआ झारखंड पार्टी के अध्यक्ष रेन होरो ने स्वर्गीय एनई होरो के जीवनी पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विनीता खलखो, रेन कच्छप रंजीत उरांव, अजय टोपनो, निकोडिन लकड़ा, अमर बारला आदि उपस्थित थे।

## आज का राशिफल
12-12-2022

मेष : महिलाओं के स्वास्थ पर ध्यान दे। कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। कार्य पूर्ण करने के लिए किसी की मदद लेनी होगी।

वृषभ : मानसिक तनाव होगा। बेहतर होगा कहीं घुमने चले जाएं। आपके अपनों को आपकी जरूरत है। मौज मस्ती पर खर्च होगा। पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे।

मिथुन : धन का आगमन होगा। मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है। उन्नति में बाधा आयेगी। कोई खुशखबरी सुन सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी।

कर्क : धर्म से लाभ होगा। कोई बड़ा कार्य करने के लिए समय अनुकूल है। किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है। संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा। किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे। संतान सुख की प्राप्ति संभव।

सिंह : किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी। अपने अधिनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा। पिता से लाभ सम्भव है।

कन्या : कुछ नया आमान लेने का समय है। घर मे सजावट हो सकता है। साथ ही आय भाव में चन्द्र है। कुछ नया सिखने को मिलेगा। जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती है। नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी।

तुला : किसी बड़े कार्य होने से मन खुश रहेगा। साथ ही प्रतियोगिता में सफल होंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है। अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें। मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे।

वृश्चिक : सत्कर्म करे समय बहुत अनुकूल होगा। भाग्य साथ है। पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे। मित्रों से मतभेद हो सकते हैं। कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है। इष्ट बल मजबूत करें।

धनु : ब्यापार में लाभ होगा। कुछ मानसिक तनाव भी होगा। जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा। कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है।

मकर : मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी। राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पैसों का लेन देन संभव। खान पान पर ध्यान दें। स्वास्थ बिगड़ सकता है।

कुंभ : विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे। मेहमानों का आगमान हो सकता है। जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे। धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें।

मीन : पुराने कार्य होने से मन खुश होगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा।

# झारखंड अलग राज्य गठन में एनई होरो की भूमिका अहम : बिल्कन डांग

## झारखंड गोमके एनई होरो की पुण्यतिथि पर मुंडा सभा ने अर्पित की श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मुंडा सभा रांची के तत्वावधान मुंडा सभा केंद्रीय कार्यालय डिबडीह में रविवार को झारखंड गोमके एनई होरो की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सदस्यों ने उनकी जीवनी तथा राजनीतिक जीवन पर चर्चा की।

मुंडा सभा के महासचिव बिल्कन डांग ने कहा कि झारखंड गोमके निरल एनेम होरो ने स्कूली जीवन तथा कॉलेज जीवन से ही झारखंड अलग राज्य का सपना देखना प्रारंभ किया था। उन्होंने कहा क्योंकि झारखंड क्षेत्र एक पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के आदिवासी मूलवासियों का सामाजिक आर्थिक तथा सांस्कृतिक स्थिति दयनीय थी जिसपर उन्होंने कहा कि यहां के लोगों पर बाहरी लोगों के द्वारा शासन किया जाता है। जिसके कारण यहां के लोग गरीबी के कगार पर आने लगे। इसे देखकर वे झारखंड आंदोलन में कूद पड़े। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए कई लड़ाइयां लड़ी। जेल भी गए। बिल्कन डांग ने बताया कि निरल एनेम होरो ने झारखंड पार्टी को एक शासक पार्टी बनाकर एक वृहद झारखंड राज्य के लिए आंदोलन किए। उन्होंने कहा कि उन्हीं के आंदोलन के कारण झारखंड राज्य अलग राज्य बना लेकिन उनका जो सपना था बृहद झारखंड राज्य का वह सपना अधूरा रह गया। उन्होंने कहा कि कोयल कारो परियोजना उनके जोरदार आंदोलन के बदौलत ही बंद हो गया।

उन्होंने कहा कि निरल एनेम होरो एक ईमानदार और स्वच्छ छवि के व्यक्ति थे। उनके सामने कई उतार-चढ़ाव आने के बावजूद झारखंड पार्टी को आगे तक बढ़ाने का काम किया। यही कारण है कि आज झारखंड राज्य बना। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य बना, लेकिन अभी यहां के आदिवासी मूलवासियों को पूर्ण रूप से आजादी नहीं मिली, इसलिए उसके सपनों को पूरा करने के लिए और बड़ा आंदोलन करने की आवश्यकता है। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष नवीन मुंडू, सोहन समद, सोमरा होरो, बिल्कन डांग, प्रभु सहाय सांगा, बिनीत केरकेटा, मनीष मुंडा, इब्राहिम सुरीन, आसियान सुरीन, जगरनाथ मुंडू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## समाजसेवी रिंकू तमांग ने विश्वास थापा को किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची सुपर डांस नेपाल 2022 के फाइनलिस्ट बिस्वास थापा को भारतीय गोरखा परिसंघ और गोरखा समाज के द्वारा मोमेंटो देकर और खदा पहना कर सम्मानित किया गया।।समाजसेविका रिंकू तमांग ने कहा कि बिस्वास थापा बहुत ही मेहनती और अनुशासित बच्चा है उसने डांस के कई रियलिटी शो में भी पार्टिसिपेट किया है डांस इंडिया लिटिल में भी उसको सुपर विंग दिया गया था,नेपाल देश के सुपर डांस नेपाल 2022 में बिस्वास ने बहुत ही अच्छे परफॉर्मेंस से जजेस का जीत लिया था कुछ वोटों की कमी से वो विनर नहीं बन पाए थे।आगे भी डांस के क्षेत्र में बिस्वास के लिए हम लोग साथ देंगे और मै ईश्वर से कामना करती हूं की बिस्वास अपने डांस के माध्यम से झारखंड प्रदेश रांची शहर को गौरवांनित करेंगे।उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। मौके पर जयदेव प्रधान ,सुहाना प्रधान सहित गोरखा यूथ शामिल थे।

## रातू सांई मंदिर का 9वां स्थापना दिवस समारोह 16 को

**रांची।** रातू-कांठीटांड सांई मंदिर का 9 वां स्थापना दिवस समारोह 16 जनवरी 2023 को मनाया जायेगा। इसकी तैयारी जोरों पर है। सांई परिवार से पंकज कुमार ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह को इस बार भी भव्य तरीके से मनाया जायेगा। इसके कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। श्रद्धालुओं ओर सांई भक्तों से उन्होंने स्थापना दिवस समारोह में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील भी की है। उन्होंने बताया कि सांई पुरम सौंदर्यीकरण का काम भी जोरों से चल रहा है। परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न तैयारी की जा रही है।

## इरबा में ताइक्वांडो कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन द्वारा ताइक्वांडो कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन रविवार को राजधानी रांची के बीएनएन गर्ल्स स्कूल इरबा में झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो के जिला सचिव शकील अंसारी के देखरेख में किया गया।

बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा बुंडू रांची के जज मोहम्मद जमील अंसारी ने ली और मनजीत सिंह, शाहनवाज अंसारी, हसीब अंसारी, चंचला कुमारी, सुषमा कुमारी ने सहयोग किया। रांची जिले के लगभाग 8 स्कूल से 140 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बेल्ट ग्रेडिंग में पास हुए खिलाड़ियों को स्कूल के डायरेक्टर अनवर अहमद अंसारी, प्राचार्य एजे अंसारी, मोहसिन आलम, अफान अंसारी, व अन्य सम्मानित अतिथियों द्वारा बेल्ट देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जज मोहम्मद जमील अंसारी ने बताया कि ताइक्वांडो खेल से लोग अपने भविष्य बना रहे हैं। यह खेल सुरक्षा की दृष्टि से भी कॉफी बेहतर है। इस खेल से सेल्फ डिफेंस के साथ ओलंपिक तक का सफर तय करने में मदद मिलती है।

इस अवसर पर स्कूल की छात्रा इरम जिया हसीन आफरीन परवीन, अजकीया परवीन, नंदनी कुमारी, अर्चना कुमारी, शोभा कुमारी, मुस्कान कुमारी, सुनीता कुमारी, रिया कुमारी, भुनेश्वरी कुमारी, बसंत कुमारी, शिवचरण कुमार सहित अन्य को बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखायी।

## खबर एक नजर में

### डीपीएस के विद्यार्थियों का सीबीएसइ हेरिटेज इंडिया क्विज में शानदार प्रदर्शन

**रांची।** अपनी अद्भुत मेधा शक्ति का प्रदर्शन करते हुए डीपीएस रांची के विद्यार्थियों अनुराग लकड़ा-12वीं, शौभित दफ्तुअर 12वीं और यशस्वी जैन 10वीं) ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित हेरिटेज इंडिया क्विज 2022 (पटना रीजन) को जीतकर अपनी योग्यता साबित की है। इस प्रतियोगिता का आयोजन लोयोला हाई स्कूल पटना में किया गया था। डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने पटना रीजन (झारखंड और बिहार) से इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए भी क्वालीफाई किया है, जिसका आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा। इस उपलब्धि पर विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए पटना रीजन की 30 टीमों ने क्वालीफाई किया था एवं उसमे से 6 टीमों ने फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में जीत हासिल कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है।

### प्रणामी ट्रस्ट का 63वां अन्नपूर्णा भंडारा

**रांची।** प्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एम.आर. एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 63 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें जरुरतमंद, गरीब, राहगीर व श्रद्धालुओं को मिलाकर 1300 से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आहलादित व तृप्त हुए।

### मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के मौके पर रविवार को झारखंड की राजधानी रांची में इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स रक्षकों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मुनारिक साहू के नेतृत्व में रांची की निकहत परवीन ने दर्जनों की संख्या में महिलाओं के साथ इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स रक्षकों का दामन थामा। इसके साथ पत्रकारों को भी इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स रक्षकों के द्वारा गुलाब का फूल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स रक्षकों के बढ़ते कदम को देखते हुए हर कोई इनके साथ चलने को तैयार था। पत्रकारों ने भी इस संस्था का दामन थामा। पत्रकारों में मो मोइजुद्दीन, अशरफ खान, मो समीर, महताब, नेहा खान, नाजिश मलिक, मासूम अंसारी उर्फ रौनक, साहिल अहमद ने भी ह्यूमन राइट्स का दामन थामा।

### स्काउट और गाइड्स का दीक्षा शिविर संपन्न

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में रविवार को भारत स्काउट और गाइड्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण सह दीक्षा शिविर का समापन हुआ। इसमें डीएवी बरियातु के कुल 64 विद्यार्थियों (32 छात्र और 32 छात्राएं) ने इस शिविर में भाग लिया। ये सभी विद्यार्थी कक्षा 5वीं से 7वीं तक के हैं। कृष्ण कांत ठाकुर और रश्मि अग्रवाल को बतौर स्काउट शिक्षक व शिक्षिका के रुप विद्यालय के स्काउट गाइड के रुप में स्कार्फ प्रदान किया गया। प्राचार्य विनय कुमार पांडेय को विद्यालय में स्काउट शुरू करने के सम्मान में स्कार्फ पहनाया गया।

### एडवांस कूमिते तकनीक को जाना

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वावधान में डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित इमा के मुख्य प्रशिक्षण सेंटर संत जोसेफ क्लब हॉल में रविवार को एक दिवसीय एडवांस कूमिते कराटे प्रशिक्षण शिविर सह कराटे ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों से 154 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इमा के तकनीकी निर्देशक रेंसी सुनील किस्पोट्आ ने सभी खिलाड़ियों को एडवांस कूमिते का प्रशिक्षण दिया, जिसमें फाइट के दौरान स्कोर करने के तरीके सिखाए गए।

## ईसा मसीह के मूल्यों के आधार पर प्रत्येक युवा को जीना चाहिए : फादर डेविड खलखो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची आर्चडायसिस युवा संघ के तत्वावधान में रविवार को डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित एसडीसी सभागार में रविवार को क्रिसमस मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रिसमस मिलन समारोह में मिस्सा पूजा हुई साथ ही रांची आर्चडायसिस के युवाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से समां बांधा।

कार्यक्रम रांची महाधर्मप्रांत के विभिन्न पल्लियों से युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसी तरह संत मारिया महागिरजा प्रांगण में भी पल्ली स्तरीय क्रिसमस युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। पल्ली पुरोहित फादर डेविड खलखो के संरक्षण में आयोजित इस सम्मेलन में उन्होंने कहा ईसा मसीह के मूल्यों के आधार पर हर युवा को जीना चाहिए।

राँची महाधर्मप्रान्तीय क्रिसमस सम्मेलन के मुख्य अतिथि मंत्री बंधु तिर्की ने युवाओं को जागरूक रहने की नसीहत दी। उसुर्लाइन धर्मसंघ की प्रोविंशियल सिस्टर सुचिता शालिनी खलखो ने कहा क्रिसमस त्योहार विनम्र एवं तोहफा का प्रतीक है। फादर प्रफुल बड़ा ने कहा ईसा मसीह जन्म पर्व ईश्वर का इंसान के प्रति प्रेम का चिन्ह है। राज्यसभा सदस्य महुआ माझी ने क्रिसमस त्योहार की बधाई देते हुए कहा शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा झारखण्ड राज्य के विकास में ईसाई मिशनरियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने ग्रामीण एवं महिलाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

क्रिसमस सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए फादर चन्द्रकान्त कुमार ने अपने प्रवचन में क्रिसमस तथा उसके पूर्व की तैयारी जिसे आगमन काल कहा जाता के आशय को अर्थपूर्ण बताया।

प्रज्ञा कुजूर और श्रवण सोनू कुजूर ने मंच का सफल संचालन किया। रांची धर्मप्रान्तीय युवा संघ के संचालक फादर सुमित खलखो एवं संयोजक कुलदीप तिर्की, अर्चना एक्का तथा युवा समिति की अहम भूमिका रही। अनिशा तिर्की के आभार प्रस्तुति के साथ क्रिसमस सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

## लोहा सिंह लिखित अपराजेय निराला का हुआ मुहुर्त्त

**रांची।** समाधान नाट्य परिषद के तत्वावधान में रांची प्रेस क्लब में रामेश्वर सिंह कश्यप उर्फ लोहा सिंह द्वारा लिखित नाटक अपराजेय निराला का मुहूर्त हुआ। इसका मंचन फरवरी 2023 में होगा। इस नाटक का निर्देशन समाधान के संयोजक और दूरदर्शन के पूर्व कार्यक्रम अधिशासी डॉ भूपेंद्र नारायण सिंह कर रहे हैं। इस मुहूर्त में मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार सह सांसद महुआ मांझी उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि आज के इस दौर में जब लोग नाटकों से दूर हो रहे हैं। वहां नाटक का आयोजन होना, एक सुखद अनुभूति है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में साईनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति एसपी अग्रवाल और मुख्य वक्ता के रूप में रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर जंग बहादुर पांडे उपस्थित थे। उन्होंने इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के पूर्व कुलपति प्रो सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा की लोहा सिंह के नाटक को मंचित करना करना ही अपने आप में एक बड़ी बात है।

## कंपकंपाती ठंड में भी दिव्यांगों की ओर सरकार का ध्यान नहीं : विजय



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ द्वारा राज भवन के समक्ष अपने विभिन्न मांगों को लेकर चलाए जा रहे हैं अनिश्तिकालीन धरना के आज 15 वें दिन पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता ने धरना स्थल मे कमेटी के सहयोगियों के साथ उपस्थित होकर इस आंदोलन का तन मन धन के साथ पुरजोर समर्थन देने की बात कही।

उन्होंने कहा कि 15 दिनों से धरना में बैठे इस ठिठुरते ठंड में दिव्यांग भाई-बहनों का अब तक झारखंड सरकार सुध तक नहीं ली है। जो की बहुत ही शर्म की विषय है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरकार सहित अन्य राज्यों में दिव्यांगों की सभी कल्याणकारी योजनाएं एवं सुविधाएं मुहैया कराई है। किंतु झारखंड में दिव्यांग जनों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने सरकार से गुहार लगाई है कि अति शीघ्र इनकी मांगों को लागू किया जाए। सभी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाए। धरना में निर्णय लिया गया कि आंदोलन को तेज किया जाएगा। इसके अंतर्गत एक शिष्टमंडल महामहिम राज्यपाल रमेश बैस से भी मुलाकात कर दिव्यांग जनों की मांगों को लेकर गुहार लगाई जाएगी। विधानसभा सत्र के दौरान भी एक दिवसीय धरना- प्रदर्शन किया जाएगा। धरना स्थल में पैरालंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ, सुराज मजदूर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष विनोद भगत, नीरज भप्त, आकाश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, नरेश कुमार कंठ आदि ने भी संबोधित किया।

# सेमिनार का विषय बहुत ही प्रासंगिक : डॉ अर्चना दुबे

## निर्मला कॉलेज में 'बदलते परिवेश में महिलाओं और युवाओं की भूमिका एवं समाज पर इसका प्रभाव' विषय पर सेमिनार संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** निर्मला महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग द्वारा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा झारखंड सरकार से प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय था बदलते परिवेश में महिलाओं और युवाओं की भूमिका एवं समाज पर इसका प्रभाव।

संगोष्ठी के दूसरे दिन वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के डॉ असद मलिक ने मानवाधिकार से जुड़े मुद्दे और संबंधित कानूनों की चर्चा की। हैदराबाद खुला विश्वविद्यालय से आर्यो केआरआर माधुरी ने जेंडर सेंसटाइजेशन के विविध पहलुओं पर अपना वक्तव्य दिया। केंद्रीय मनःचिकित्सा संस्थान रांची के डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी ने युवाओं में मद्यपान और व्यसन से जुड़ी हुई समस्याओं और उसके समाधान पर विचार प्रस्तुत किया। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड की डॉ सुचेता सेन चौधरी ने आदिवासी महिलाओं के मुद्दों पर विस्तृत विवेचना की। संगोष्ठी में विभिन्न स्थानों से आये प्रतिभागियों ने अपना-अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। समापन समारोह महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें रांची विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय अध्यक्ष डॉ अर्चना दुबे मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार बहुत ही प्रासंगिक विषय पर हो रहा है और इससे निकलने वाले विविध पहलुओं और परिणामों को समाज के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सिस्टर ज्योति ने भी सेमिनार की सफलता पर शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय संगोष्ठी की समन्वयक डॉ ज्योति प्रसाद ने 2 दिनों के संपूर्ण कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और यह बताया कि कुल 109 प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया और आठ वक्ताओं ने विशेषज्ञ के तौर पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन काफी सफल रहा। सुपीरियर सिस्टर सुषमा बैग ने वक्ताओं को संबोधित किया और आयोजन की सार्थकता और सफलता पर सभी को शुभकामनाएं दी। समापन समारोह में निर्मला महाविद्यालय की शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहीं। मंच संचालन डॉ सरवत जबीन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ इरा त्रिपाठी एवं डॉ विनीता सिन्हा ने किया।

## वाईबीएन विवि में राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में चल रहे 8 दिवसीय राष्ट्रीय कन्फ्रेस के तीसरे दिन शोधार्थियों ने स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर एंड एनिमल हस्बेंडरी और स्कूल ऑफ लॉ में अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी दीपक कुमार ने सभी महानुभावों का आभार प्रकट करते हुए उनका आभार प्रकट किया एवं सभी शोधार्थियो को शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय कन्फ्रेस में विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधी के रूप में डॉ राम उद्देश्य सिंह एसोसिएट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ओएसडी रिसर्च पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी पटना बिहार, प्रो डॉ भगवान सिंह प्रोफेसर एंड इंडियन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड हेड डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एसएमएस सीयूजे, डॉ बृजमोहन पांडे डिपार्टमेंट ऑफ लॉ त्रिपुरा सेंट्रल यूनिवर्सिटी त्रिपुरा, डॉ राजेश कुमार मिश्रा प्रिंसिपल विश्वनाथ सिंह इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडीज मुंगेर बिहार, डॉ सुबीर कुमार एसोसिएट प्रोफेसर एनएलयू रांची, प्रोफेसर डॉक्टर आर एनएस यादव डायरेक्टर मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट भोपाल मध्य प्रदेश,डॉ दिव्यांशु शेखर सीनियर साइंटिस्ट एंड हेड केवीके जाले दरभंगा बिहार वऔर विजय भगत सेक्रेटरी एमएएसएस रांची ने अपने बहुमूल्य व्याख्या तथा शोध अनुभवों को साझा किया। वहीं, वाईबीएन विश्वविद्यालय की स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर एंड एनिमल हस्बेंडरी डीन डॉ अर्पणा शर्मा ने अपना प्रथम पुस्तक जिसका नाम पेडागोगी ऑफ लाइफ साइंस टीचिंग का लोकार्पण भी किया। इस उपलब्धि के लिए वाईबीएन विश्वविद्यालय के फाउंडर चेयरमैन रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक कुमार, वीसी प्रो डॉ एसपी यादव , रजिस्ट्रार डॉ श्रीरमन दुबे, डिप्टी रजिस्ट्रार संजय तिवारी एवं विश्वविद्यालय के तमाम डीन एवं प्रिंसिपल ने डॉ अर्पणा शर्मा को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्पीड न्यूज

## जिला कांग्रेस के नये कार्यकारी अध्यक्ष सोनकर का किया अभिनंदन



धर्मेन्द्र सोनकर।

**जमशेदपुर।** रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के नव नियुक्त कार्यकरणी जिला अध्यक्ष (नगर) धर्मेंद्र सोनकर को गरम जोशी के साथ खटिक समाज के युवा प्रकोष्ट के सदस्यो ने पुष्प गुच्छ, पगड़ी, शौल पहनाकर, ढोल नगाड़े, आतिशबाजी के साथ सम्मानित किया। समाज के सदस्यो में ओ. बी. सी से कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनाने पर खुशी की लहर व्यक्त किया एवं उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया। इस कार्यकर्म मनु सोनकर कैलाश सोनकर फिरोज सोनकर बिनोद सोनकर रतन सोनकर रमेश सोनकर राजेश सोनकर मंगरु सोनकर जय शंकर सोनकर सोनू सोनकर प्रिंस सोनकर विक्रम सोनकर गोलू सोनकर एवम खटिक समाज के काफी युवा उपस्थित थे।

## बुजुर्गों को सम्मानित करेगी वाहिनी : काले



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलते अमरप्रीत काले।

**जमशेदपुर।** भारत रत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में अटल विचार वाहिनी' लारा भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया जाएगा। श्री काले ने झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को उनके दिल्ली आवास पर भेंट करके इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर श्री काले ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भाँति यह कार्यक्रम विशेष रूप से श्रद्धेय अटलजी' को समर्पित है जो उनकी विचारधारा से जुड़े हुए लोगों को प्रत्येक वर्ष आयोजन समिति की और से सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम के सफल एवं भव्य आयोजन के सभी पहलुओं की देख-रेख एवं निरन्तर मार्गदर्शन के लिए आयोजन समिति इसका ध्यान रखेगी। काले ने बताया कि यह आयोजन गैर राजनैतिक है और इस आयोजन में सभी आमंत्रित रहते है।

## जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण



**जमशेदपुर।** बढ़ती ठंड को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन और अस्तित्व ने संयुक्त रूप से स्टेशन रोड में फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को गर्म और पुराने कपड़ों का वितरण किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम टाटानगर रेलवे स्टेशन के नजदीक हनुमान मंदिर के समक्ष आसपास सहित सारे जरूरतमंद लोग इकट्ठा हुए। तत्पश्चात बारी बारी से जरूरतमंद लोग अपने से अपने अनुसार गरम कपड़ा को लिए। इस दौरान काफी संख्या में महिला, पुरुष, विकलांग, बच्चे जैसे जरूरतमंद लोग मौजूद थे। मौके पर संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष उषा सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष उदय शंकर प्रसाद, ज्योत्सना नाथ, सोनू कुमार, अनिल शर्मा, अस्तित्व की संस्थापक सह सचिव और मानवाधिकार संगठन की जिला अध्यक्ष मीरा तिवारी, बैजयंती बारी, सक्रिय सदस्य सुबोध दुबे, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र यादव, समाजसेवी राजा ओझा, राजेश और कई स्थानीय समाजसेवी लोगो ने योगदान दिया।

### पत्रकार अन्नी अमृता का कहानी संग्रह 'मैं इंदिरा बनना चाहती हूं' का विमोचन

# यह राजनीतिक किताब नहीं, भाव और अनुभव है : अन्नी अमृता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आम तौर पर पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पुस्तक पर विस्तार से चर्चा नहीं होती है। औपचारिकताओं के बीच पुस्तक कहीं खो सी जाती है। लेकिन वरिष्ठ पत्रकार अन्नी अमृता की दूसरी पुस्तक 'मैं इंदिरा बनना चाहती हूं' का आज जेके रेजीडेंसी में अनोखे अंदाज में विमोचन हुआ जहां पुस्तक पर न सिर्फ चर्चा हुई बल्कि मेट्रो सिटी की तर्ज पर बुक रीडिंग हुई। शेरो शायरी के दौर के साथ पुस्तक के भीतर की कहानियों पर सवाल जवाब हुए...' कुछ सवाल और कुछ उनका जवाब' ये कार्यक्रम का शीर्षक रहा जिसमें अतिथियों पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी,लेखक सह फिल्म मेकर सह प्रकाशक अजिताभा बोस, ग्रेजुएट कलेज के संस्त विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष ड रागिनी भूषण और जमशेदपुर वुमेन यूनिवर्सिटी के



मैं इंदिरा बनना चाहती हूं कथा संग्रह प्रदर्शित करती लेखिका अन्नी अमृता।

बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ त्रिपुरा झा ने पत्रकार सह लेखिका अन्नी अमृता से न सिर्फ सवाल किए बल्कि उनकी पुस्तक पर चर्चा की। अतिथिगण पहले से पूरी पुस्तक पढ़कर आए थे। इस वजह से वहां विस्तार से पुस्तक पर परिचर्चा हुई और उपस्थित लोगों ने खूब आनंद उठाया।पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी



कथा संग्रह का विमोचन करते अतिथिगण।

ने पुस्तक के एक चैप्टर 'नेता बनना कोई मजाक है क्या? पर सवाल किया जो व्यंग्यात्मक तरीके से अन्नी लारा लिखा गया है। कुणाल ने पूछा कि क्या वाकई लोगों को ऐसा लगता है क्या कि नेता सुख दुख में शामिल होकर जो हाव भाव प्रकट करता है वह एक्टिंग होता है और इमोशन नहीं? इस पर अन्नी अमृता ने कहा कि नेता एक प्रकार का परफर्मर होता है लेकिन वह भी एक इंसान होता है और भावनाओं से परे नहीं हो सकता। बल्कि नेता और आम इंसान सभी इसी दुनिया के हैं और सब अपना अपना रोल निभा रहे हैं जो एक प्रकार का परफर्मेंस देना ही तो है। कुणाल ने पुस्तक में कोविड काल के दौरान की कुछ कहानियों का जिक्र किया जिसमें जीवन मौत के बीच झूलती जिंदगियों को बचाने की कवायद के साथ साथ मौत के बाद परिजनों की अनुपस्थिति में दाह संस्कार की व्यवस्था जैसे कार्य में जुटे स्वंय कुणाल षाड़ंगी एक पात्र के तौर पर नजर आते हैं। कुणाल ने चर्चा करते समय बताया कि उस दौरान अपरेशन से गुजरने के बावजूद अन्नी अमृता ने ट्वीटर के माध्यम से लोगों की मदद का अभियान जारी रखा और उनके माध्यम से कई मामले संज्ञान में आए। वहीं मशहूर अंग्रेजी लेखक सह फिल्म मेकर सह प्रकाशक अजिताभा बोस ने उपस्थित लोगों को बताया कि कैसे अन्नी दीदी की इस दूसरे पुस्तक के प्रकाशन की योजना बनी। कैसे इसके शीर्षक में कुछ बदलाव किए गए। अन्नी अमृता ने उपस्थित लोगों को बताया कि अजिताभा बोस अपने पब्लिकेशन हाउस अजिताभा पब्लिकेशन हाउस के माध्यम से नए लेखकों को प्लेटफर्म देने का काम कर रहे हैं जो प्रशंसनीय हैं। कार्यक्रम में रंग कुछ और सजा जब सवाल करने डा रागिनी भूषण और डा त्रिपुरा झा पहुंची..' न लगा सकेगा ये जमाना इश्क पर इल्जाम, हम छुपकर जो वफा करते हैं'। डॉ त्रिपुरा झा ने पुस्तक की एक कहानी 'अनकहा ब्रेकअप' में लिखी इस शायरी को पढ़कर सुनाया तो हल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। फिर पढ़ा-'खुदा तेरी मुहब्बत भी कमाल है, एक दिल मेरा बनाया बार बार टूटने के लिए' जब डॉ त्रिपुरा ने ये पढ़ा तब तालियों की गड़गड़ाहट और तेज हो गईतब लोगों को पता चला कि किताब में बहुत कुछ है। डा रागिनी भूषण ने लोगों को बताया कि छात्र जीवन से ही अन्नी अमृता मुखर और ओजस्वी रही हैं। पुस्तक के भीतर के हिस्सों पर ज्यादा खुलासा न करते हुए ड रागिनी भूषण ने व्यंग्यात्मक तरीके से लिखे 'अफवाह' की चर्चा करते हुए जब उसके हिस्से को पढ़ना शुरू किया तो लोग हंसते हंसते लोटपोट हो गए। अन्नी अमृता ने बताया कि उनकी दूसरी पुस्तक 18 कहानियों का संग्रह हैं जिनमें कोरोना काल की कहानियां, काल्पनिक कहानियां,यथार्थ से प्रेरित कहानिया अनुभव, व्यंग्यात्मक आलेख और कुछ डिजीटल पोर्टल में छपे आलेख शामिल हैंष ये किताब एक भाव और अनुभव है जो बहुत कुछ समेटे हैं। ये किताब खासकर कोविड काल में शहीद हो गए दिवंगत पत्रकार साथियों और उनके परिजनों को समर्पित हैंपुस्तक का प्रकाशन दिल्ली के अजिताभा बोस पब्लिकेशन ने किया है। पुस्तक अमेजन पर उपलब्ध है। कार्यक्रम में खास तौर पर कोरोना काल में शहीद हो गए पत्रकार पंकज की पत्नी मनीषा को आमंत्रित किया गया था, जिन्हें शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पुस्तक में एक बहुत मार्मिक कहानी पंकज की मौत पर लिखी है जिसे पढ़कर लोग भावुक हो गए। मानवाधिकार कार्यकर्ता जवाहरलाल शर्मा भी विशेष आमंत्रित अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में अन्नी अमृता के माता पिता और अन्य परिजन भी शामिल हुए।

### एचपीसीएल के सीएमडी पुष्प जोशी लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड से सम्मानित

### एक्सएलआरआइ के होमकमिंग में जुटे पूर्ववर्ती विद्यार्थी

# सबने कहा संस्थान है मेरी जान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में होमकमिंग 2022 का आयोजन किया गया, जिसमें एक्सएलआरआइ के विभिन्न बैच के करीब 200 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. दो दिवसीय होमकमिंग में एक्सएलआरआइ के सभी पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने अपने संस्थान के बदले स्वरूप को देखा, पुरानी यादों को ताजा किया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान बैच के विद्यार्थियों से बातें की। कई प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। पैनल डिस्कशन के जरिये सभी विद्यार्थियों ने जहां अपनी बौद्धिकता व आइक्यू का परिचय दिया वहीं उन्होंने डांस, गाना, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट को बजाने के साथ ही नाटक के माध्यम से अपनी कला का भी बेहतर प्रदर्शन किया। इधर, शनिवार की शाम एक्सएलआरआइ अडिटोरियम में एक सम्मान समारोह का





होम कमिंग में भाग लेने पहुंचे एचपीसीएल के सीएमडी पुष्प कुमार जोशी दायें से पांचवें। रणवीर सिन्हा व अन्य पूर्ववर्ती छात्र।

आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के 10 पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं को अलग-अलग 6 केटेगरी में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने कहा कि किसी भी संस्थान के एल्यूमिनाइ उसके ब्रांड अंबेसेडर होते हैं। वहीं, एल्यूमिनाइ एसोसिएशन के अध्यक्ष राणावीर सिन्हा ने कहा कि यह समारोह संस्थान के विद्यार्थियों के लिए ऑस्कर की तरह है। इस अवसर पर सभी पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं ने संस्थान में बिताये अपने दिनों को याद करते हुए कई रोचक बातें कही।

**इन्हें मिला अलग-अलग केटेगरी में अवार्ड**

1.लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड- पुष्प जोशी- चेयरमैन एंड एमडी, हिंदुस्तान पेट्रोलियम करपोरेशन लिमिटेड

2.प्रैक्टिसिंग मैनेजर - उदय शंकर सिन्हा, रिजनल मैनेजिंग डायरेक्टर, हैनकेन एशिया और अनुराधा राजदान, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एचआर एंड सीएचआरओ हिंदुस्तान यूनिलीवर साउथ एशिया

3.एकेडमिशियन- ड वनिता स्वामीनाथन, थमस मार्शल प्रोफेसर अफ मार्केटिंग, यूनिवर्सिटी अफ पितास्बर्ग

रवि धारवाड़कर- विथमैन एडवाइजरी काउंसिल प्रोफेसर अफ मैनेजमेंट एंड लाउरा जे.

4.यंग अचीवर - चौतन्य पेड्डी, को फाउंडर एंड प्रोडक्ट एचइए, डार्विनबक्स

5.इंटरप्रेन्योर- वरुण अलाघ- को फाउंडर एंड सीइओ, होनासा कंज्यूमर प्रा.लि.

6.अलायड फील्ड सर्विस - पीएन सुब्रह्मणयम, सीरियल इंटरप्रेन्योर विक्रम मिश्री- डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर, इंडिया के.पांडियाराजन, चेयरपर्सन, सीआइइएल एचआर

## पत्रकार रंजीत ओझा को मातृशोक

**जमशेदपुर।** वरिष्ठ पत्रकार एवं न्यूज नेशन के कोल्हान प्रमुख रंजीत ओझा जी के माताजी कमलापति देवी (80 वर्ष) का आज देहांत हो गया है। वे काफी दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं और उम्र जनित बीमारियों से पीड़ित थीं। स्व. कमलापति देवी (धर्मपत्नी -स्व. रामाशीष ओझा) वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम यात्रा कल सुबह 10:30 बजे, उनके निवास स्थानः टीचर्स कलोनी, रमणी फ्लैट के समीप, विजया गार्डन के बगल, बारीडीह से स्वर्णरेखा बर्निंग घाट, भुइयांडीह के लिए प्रस्थान करेगी। शहर के पत्रकारों, सामाजिक संगठन के लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**चांडिल।** रविवार को शाम करीब पांच बजे चौका थाना क्षेत्र के पालगम पुल के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने साइकिल सवार खुंटि निवासी तारापदो महतो को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा के आकाश महतो ने चौका थाना एवं ग्रामीणों की मदद से मोटरसाइकिल सवार घायल 30 वर्षीय सोमलाल मांझी ओर 6 वर्षीय मनोज मांझी को चांडिल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार कर सोमलाल मांझी को एमजीएम रेफर कर दिया गया।

## विधायक सरयू राय ने बर्मामाइंस बिरसानगर का किया क्षेत्र भ्रमण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने रविवार को अपने दैनिक क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में बिरसानगर जोन नंबर-1 बी और बर्मामाइंस बस्ती क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक आम जनता से मिलते रहे और उनकी समस्याओं को नोट भी करवाते रहे। साथ ही क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं का निरीक्षण भी किया। इस दौरान आम जनता से मिले स्वागत सत्कार एवं अपनापन से विधायक अभिभूत नजर आये। विधायक सरयू राय ने बर्मामाइंस के दुर्गा पूजा मैदान, ईस्टप्लांट बस्ती, शिव मंदिर, भक्ति नगर, लोमटोम बस्ती, बर्मामाइंस बाजार सहित अन्य क्षेत्र का दौरा किया। बस्तियों में



बिरसानगर जोन वन-बी का भ्रमण करने पहुंचे विधायक सरयू राय।

बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं एवं गणमान्य नागरिकों के लारा विधायक का स्वागत किया गया। भ्रमण कार्यक्रम में आमजन का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान लोगो से मिलते हुए विधायक ने जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने की बात कही। उन्होंने जनता से किसी भी समस्या के लिए सीधे अपने मोबाइल नंबर पर बात करने को कहा। भ्रमण कार्यक्रम में विधायक सरयू राय के साथ भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, बिरसानगर पूर्व के अध्यक्ष शंकर कर्मकार, बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव, महामंत्री बबलू , महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू सिंह, काकुली मुखर्जी, रंजीता राय आदि शामिल हुए।

## सड़क अतिक्रमण करने पर लगाया 5500 रु का जुर्माना

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम के लारा नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण अभियान चलाया गया जिसमें सड़क के किनारे रखे गए बिल्डिंग मटेरियल एवं मोटरसाइकिल वर्कशप के लारा सड़क के किनारे अतिक्रमण कर रखे गए दुकानदारों से ध्5500 जुर्माना वसूला गया एवं रोड सड़क में रखे गए सामानों को अंदर करवाया गया। कई दुकानदारों को दुकान के अंदर सामान रखने की चेतावनी दी गई। मुख्य सड़क के किनारे सामान रखने पर ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न होती है। कार्यपालक पदाधिकारी ने अतिक्रमण अभियान प्रतिदिन चलाने का निर्देश दिया गया है एवं अतिक्रमण कर रखे गए दुकानदारों से जुर्माना वसूलने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर नगर प्रबंधक जितेंद्र कुमार, दिनेश्वर यादव, और अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## टाटा स्टील के आयरन एंड मैंगनीज माइंस ने 60वें एनुअल मेटलीफेरस माइंस सेफ्टी वीक में जीते 26 पुरस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/गुआ।** टाटा स्टील को रविवार को स्टील अथोरिटी अफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के गुआ माइंस में खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस), चाईबासा क्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित 60वीं वार्षिक मेटलीफेरस माइन्स सेफ्टी वीक प्रतियोगिता-2022 में 26 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न खनन कंपनियों को विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 160 पुरस्कार प्रदान किए गए। ए-1 श्रेणी में समग्र प्रदर्शन के लिए जोडा ईस्ट आयरन माइन को विजेता घोषित किया गया, जबकि नोवामुंडी आयरन माइन को इसी श्रेणी में उपविजेता घोषित किया गया। टाटा स्टील को स्टल एक्जिबिट कैटेगरी में विजेता



टाटा स्टील अवार्ड।

घोषित किया गया। इसके अलावा, ए-1 समूह में प्रचार एवं प्रसार श्रेणी में नोवामुंडी आयरन माइन विजेता रही और जोडा ईस्ट आयरन माइन को ए-1 ग्रुप में रनर-अप घोषित किया गया। इसी तरह खोंदबोंद और काटामाटी आयरन माइंस ने दो-दो पुरस्कार जीते जबकि फेरो एलयज मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) की खदानों ने सात पुरस्कार जीते। देश भर के सभी क्षेत्रों में खानों में सुरक्षित कार्य पद्धतियों में सुधार करने, खानों में दुर्घटनाओं में काफी कमी लाने और शून्य-नुकसान संस्ति के लिए खदान मालिकों और कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए हर साल खान सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। डीजीएमएस के महानिदेशक प्रभात कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा निदेशक अल्ताफ हुसैन अंसारी, खान सुरक्षा महानिदेशक, चाईबासा क्षेत्र और डी बी सुंदरा रामम, वाईस प्रेसिडेंट, र मटेरियल्स, बिपिन कुमार गिरि, चीफ जनरल मैनेजर (माइंस), गुआ ओर माइंस, सेलय जयदीप दासगुप्ता, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (माइंस), जेजीओएम, बीएसएल, सेलय अतानु भौमिक, डायरेक्टर (प्रभारी), आरएसपी, सेलय अमरेंदु प्रकाश, डायरेक्टर (प्रभारी), बीएसएल, सेल और उज्जवल ताह, डेपुटी डायरेक्टर जनरल अफ माइंस सेफ्टी, ईजेड, सीतारामपुर की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। गणमान्य अतिथियों ने विभिन्न खनन कंपनियों जैसे टाटा स्टील, जेएसपी, ओएमसी और वेंडर पार्टनर्स लारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया, जिसमें सर्वोत्तम सुरक्षा अभ्यास और सुरक्षा उपकरण प्रदर्शित किए गए थे। इस अवसर पर डांस ट्रूप लारा प्रस्तुत सांसतिक कार्यक्रम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में सरोज कुमार बनर्जी, चीफ, जोड़ा ईस्ट आयरन माइन, टाटा स्टीलय जीवी सत्यनारायण, चीफ, खोंदबोंद आयरन , चीफ, नोवामुंडी आयरन माइन, टाटा स्टील, अवनीश कुमार, चीफ, एफएएमडी, टाटा स्टीलय डीजीएमएस के निदेशक और उप निदेशक, सेफ्टी बोर्ड के सदस्य, यूनियन के प्रतिनिधि, महाप्रबंधक, एजेंट और मैनेजर, अधिकारी, कामगार निरीक्षक और विभिन्न खनन कंपनियों के कर्मचारी शामिल थे।

एक नजर में

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद को किया सम्मानित



सांसद को सम्मानित करते नीरज सिंह।

**जमशेदपुर।** हम सांसद चुनते है अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखकर उनके समाधान करने के लिए। हमें गर्व है कि हमने ऐसा सांसद चुना है जो सदन में जनमानस की प्रखर आवाज बन कर उभरे हैं। उक्त बातें वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने कही हैं। लोकसभा में सर्वाधिक प्रश्न पूछने वाले सदस्यों में 479 प्रश्न पूछकर दूसरे स्थान पर रहे सांसद बिद्युत बरण महतो को आज भाजपा के मानगो मंडल की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने बताया कि हम सभी भाजपा परिवार और जमशेदपुर महानगर की पूरी जनता को की ओर से प्रतिनिधि के रूप में हम सभी आज सांसद को सम्मानित करने का कार्य कर रहे है ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता दशरथ चौबे, शिव प्रकाश शर्मा, नीलकमल शेखर, लक्की सिंह , मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, महामंत्री धर्मेंद्र कुमार, उपाअध्यक्ष सुनील सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुशील पांडेय, महामंत्री दीपक तिवारी, आनंद कुमार, अर्जुन रजक एवम अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## भाजमो मानगो ने पृथ्वी पार्क का लिया जायजा



**जमशेदपुर।** भाजमो मानगो नगर निगम समिति ने संयोजक कुलविंदर सिंह पन्नु के नेतृत्व में मानगो न्यु पुरूलिया रोड स्थित पृथ्वी पार्क का भ्रमण किया। समिति ने पार्क में मौजूद मार्निंग वाकर्स एवं अन्य लोगों से मुलाकात की। लोगों ने बताया कि यह पार्क वर्ष 2017 में मानगो की जनता को प्राप्त हुआ था तब से लोग रोजाना इस पार्क में नियमित रूप से सुबह श्याम टहलने और व्यायाम करने आते हैं लेकिन इस पार्क में नियमित साफ सफाई और देख रेख नहीं होने के कारण पार्क में अव्यवस्था का आलम है। पार्क में संध्या बेला में आने वाले लोगों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाए गए लाइट खराब पड़ी है। पार्क के पीछे छोर पर जो दाईगुटटु के तरफ एक प्रवेश लार को बंद कर दिया है और वहां कचड़ा डंपिंग किया जाने लगा है जिस वजह से महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य लोगों को पार्क आने में कठिनाई होती है। नगर निगम समिति ने लोगों को आशवस्त किया की जो भी समस्याए है उसके लिए संबंधित अधिकारी से वार्ता कर जल्द निराकरण की मांग की जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से भाजमो जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ,विधायक प्रतिनिधि सह प्रवक्ता आकाश शाह, उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रेम सक्सेना, मानगो मंडल अध्यक्ष कन्हैया ओझा, संतोष भगत अभिजीत सेनापति, राहुल प्रसाद, नीरज गुप्ता, विजेंद्र सिंह, भरत कुमार हरभजन सिंह, अशोक सिंह, बबलू कुमार, नीरज साहू एवं अन्य उपस्थित थे।

## बाबू गेनू की स्मृति में रक्तदान शिविर आज



**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच बाबू गेनू के शहादत दिवस पर प्रत्येक वर्ष 12 दिसंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन करती है उसी क्रम में इस वर्ष 12 दिसंबर को ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। मंच की ओर से आयोजन पूर्व संध्या पर आज एक बैठक हुई जिसमें कहा गया कि पिछले 2 वर्षों से यह कार्यक्रम नहीं हो पाई थी। इसी तरह इस बार शिशु विद्या मंदिर कदमा में परिवार सम्मेलन का आयोजन 8 जनवरी 2023 को किया जायेगा जिसमें मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय महिला प्रमुख अमिता पत्की होंगी। इसकी कमेटी गठित हुई परिवार सम्मेलन के संयोजक रामानंद लाल जी को बनाया गया तथा विक्रम सिंह, जयप्रकाश सिंह, राजा राम, देव कांत इस कमेटी में रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से बंदे शंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह, जटा शंकर पांडे, मधुलिका मेहता, केपी चौधरी, राजपति देवी, पंकज सिंह, वंदना राव, किरण, कुलदीप सिंह, राजाराम, राजकुमार, विक्रम आदि उपस्थित थे।

## लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने डिमना में किया वनभोज



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर को-ऑपरेटिव ल कॉलेज के सत्र 2019-22 के विद्यार्थियों लारा वन भोज डिमना लेक पर संपन्न हुआ ,जिसमें तीनो सत्र के विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम भी किया और खेल खुद कर मनोरंजन किया। वन भोज में 2019-22 के सत्र के विद्यार्थी के रुप में अमर तिवारी, निरंजन प्रसाद जगदीश, अशोक कुमार, सुदीप, विनोद और सत्र 20-23 से विवेक, ललित रूपम, एवं अन्य छात्र ने भाग लिया।

## नेत्र शिविर में 275 की जांच



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर 2 स्थित वार्ड नंबर 30 बावरी बस्ती मैं नेत्र जांच शिविर का आयोजन पूर्णिमा नेत्रालय के डॉक्टर लारा समाज सेविका सुजाता सिंह के अध्यक्षता में किया गया जिसमें स्थानीय 275 की संख्या में लोगों ने अपना नेत्र जांच करवाया। जांच के क्रम में 27 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया है जिनका अपरेशन 20 तारीख को तमोलिया स्थित पूर्णिमा नेत्रालय अस्पताल में निशुल्क किया जाएगा। मरीजों का रहना खाना और आने जाने की व्यवस्था बिल्कुल निशुल्क किया जाएगा। समाजसेवी सुजाता सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हमारे वार्ड के सभी सदस्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम के दौरान सुजाता सिंह समाजसेवी शशि आचार्य कुमुद सिंह रीना सिंह सीमा कौर हरविंदर सिंह सिमरन मेहरा रवि लोहार एमडी मुकद्दर और भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## गुजरात के 40 नवनिर्वाचित विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज

**अहमदाबाद।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और गुजरात इलेक्शन वॉच के अनुसार, 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा में 40 नवनिर्वाचित विधायकों के खिलाफ उनके चुनावी हलफनामों के अनुसार आपराधिक मामले लंबित है। इन 40 विधायकों में से 29 सदस्य (कुल 182 में से 16 प्रतिशत) गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं, जैसे कि हत्या और बलात्कार का प्रयास। 29 सदस्यों में से 20 भाजपा के हैं, चार कांग्रेस के हैं, दो आम आदमी पार्टी के हैं, दो निर्दलीय हैं, और एक समाजवादी पार्टी का है।

अभी-अभी संपन्न विधानसभा चुनावों में, जिसकी मतगणना 8 दिसंबर को हुई थी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रिकॉर्ड 156 सीटें जीतकर गुजरात में लगातार सातवीं बार जीत दर्ज की। कांग्रेस ने 17 सीटों पर और आप ने 5 सीटों पर जीत हासिल की।

एडीआर के अध्ययन में भाजपा के 156 विधायकों में से 26 (17 प्रतिशत), कांग्रेस के 17 विधायकों में से 9 (53 प्रतिशत), आप के पांच में से दो विधायक (40 प्रतिशत), तीन निर्दलीय में से दो (68 प्रतिशत) के ऊपर आपराधिक मामले लंबित हैं। बता दें कि एडीआर चुनाव सुधारों के लिए काम करता है और सभी 182 नवनिर्वाचित विधायकों के हलफनामों का विश्लेषण करने के बाद ऐसी रिपोर्ट तैयार करता है। अध्ययन में कहा गया है कि 2017 की तुलना में आपराधिक मामलों का सामना करने वाले विधायकों की संख्या में कमी आई है।

## जब राजेश खन्ना ने आनंद बख्शी को मारा था ताना

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड के कुछ गीत ऐसे रहे हैं, जिन्होंने समय की सीमा से परे जाकर असर दिखाया है। दौर कोई भी रहा हो लेकिन इन गानों का महत्व कभी कम नहीं हुआ। 1983 में आई फिल्म अवतार का गाना 'चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है' भी ऐसा ही गाना है। राजेश खन्ना और शबाना आजमी पर फिल्माया गया यह गाना माता वैष्णों देवी के भक्तों के बीच आज भी उतना ही लोकप्रिय है, जितना उस दौर में था। इस गीत को महेंद्र कपूर, आशा भोंसले और नरेंद्र चंचल ने गाया है। इसका संगीत लक्ष्मीकांत प्यारेलाल का है जबकि इसके लिरिक्स आनंद बख्शी ने लिखे हैं।

इस गीत को नरेंद्र चंचल ने गाया था। नरेंद्र चंचल उस समय तक बॉलीवुड में बॉबी, बेनाम और रोटी कपड़ा और मकान जैसी फिल्मों में गीत गा चुके थे। इसके अलावा आशा फिल्म का तूने मुझे बुलाया भजन गा चुके थे। वह भी काफी पॉपुलर हुआ था, लेकिन लक्ष्मीकांत प्यारेलाल और आनंद बख्शी की सुपरहिट जोड़ी के साथ जब नरेंद्र चंचल आए तो छा गए।

### आयुष अस्पताल सहित 3 नेशनल इंस्टीट्यूट और एयरपोर्ट का उद्घाटन कर बोले मोदी

# आयुर्वेद मानवता के लिए बड़ी उम्मीद

एजेंसी



**गोवा।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को गोवा की राजधानी पणजी पहुंचे। उन्होंने यहां 9वीं वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के समापन समारोह में एआइआइएमएस आयुष अस्पताल का उद्घाटन किया। इसी के साथ उन्होंने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन और दिल्ली के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथी का वर्चुअल उद्घाटन किया। मोदी ने मोपा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन भी किया। आयुर्वेद कांग्रेस के समापन समारोह में मोदी ने कहा कि हमारे सामने अपने ज्ञान, विज्ञान और सांस्कृतिक अनुभव से विश्व के कल्याण का संकल्प अमृत काल का बड़ा लक्ष्य है, आयुर्वेद इसके लिए एक प्रभावी माध्यम है। योग और आयुर्वेद आज दुनिया के लिए बड़ी उम्मीद हैं। मुझे यकीन है कि ये तीनों संस्थान आयुष हेल्थ केयर व्यवस्था को नई गति देंगे। आयुर्वेद एक ऐसा ज्ञान है जिसका मोटो है, सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। इसका मतलब है सबका सुख और सबका स्वास्थ्य। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद पर भारत की कोशिशों की आज दुनिया तारीफ कर रही है। आज 30 से ज्यादा देशों ने आयुर्वेद को मान्यता दी है।

**आयुर्वेद जीवन जीने का तरीका :** कुछ लोग समझते हैं कि आयुर्वेद, सिर्फ इलाज के लिए है लेकिन इसकी खूबी ये भी है कि आयुर्वेद हमें जीवन जीने का तरीका सिखाता है। आयुर्वेद हमें सिखाता है कि हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर की तरह ही शरीर और मन भी एक साथ स्वस्थ रहने चाहिए। इनमें तालमेल रहना चाहिए। यह एक मार्गदर्शक है कि हम अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को कैसे बनाए रखें। हमने दुनिया के सामने 'वन अर्थ वन हेल्थ' का फ्यूचरिस्टिक विजन रखा है। इसका मतलब हेल्थ के लिए एक ब्रॉड विजन है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद इलाज से ज्यादा वेलनेस की बात करता है। आयुर्वेद पर सहमति और स्वीकार्यता बनाने में समय लगा। मोदी ने कहा कि जब वे गुजरात में सीएम थे तभी से आयुर्वेद को बढ़ावा देते आ रहे हैं। आयुर्वेद के 'डेटा बेस्ड एविडेंस' का डॉक्युमेंटेशन करना है-----------


मोदी ने कहा कि दुनिया भी अब इस प्राचीन जीवन दर्शन की तरफ लौट रही है। मुझे खुशी है कि भारत में आयुर्वेद को लेकर बहुत पहले से ही काम शुरू हो चुका है। हमारे पास आयुर्वेद का परिणाम भी था और प्रभाव भी, लेकिन प्रमाण के मामले में हम पिछड़ रहे थे। इसलिए आज हमें 'डेटा बेस्ड एविडेंस' का डॉक्युमेंटेशन करना है। इसके लिए हमें लंबे समय तक निरंतर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आयुष उद्योग पिछले 8 वर्षों में सात गुना बढ़कर 20,000 करोड़ रुपए से 1.4 लाख करोड़ रुपए हो गया। ?????मोदी ने बताया कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस को अब पूरी दुनिया हेल्थ और वेलनेस के ग्लोबल फेस्टिवल के तौर पर मनाती है। इसका मतलब योग और आयुर्वेद को पहले उपेक्षित समझा जाता था, आज वो पूरी मानवता के लिए एक नई उम्मीद बन गया है। भारत में राष्ट्रीय आयुष रिसर्च कंसोर्टियम होगा। कोविड महामारी के दौरान आयुष क्षेत्र में 150 विशिष्ट रिसर्च हुए।

**गोवा के लिए आज का दिन अहम :** इससे पहले समारोह को संबोधित करते हुए गोवा के उट प्रमोद सावंत ने कहा कि गोवा और आयुर्वेद के लिए आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस लेकर आए। जो 70 सालों में नहीं हुआ था वो पीएम ने 8 साल में करके दिखाया। आज तक गोवा में अलग से आयुष मंत्रालय नहीं था मगर आज वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के बाद से गोवा में अलग से आयुष मंत्रालय होगा। वो राज्य में आयुष डॉक्टर के लिए समर्पित होगा।

**मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उदघाटन :** मोदी गोवा के मोपा में 2,870 करोड़ रुपए की लागत से बने मोपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन भी किया। इसे मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट नाम दिया गया है। गोवा में जिस एयरपोर्ट का उन्होंने उद्घाटन किया उसकी आधारशिला ढट मोदी ने ही 13 नवंबर 2016 में रखी थी। यह गोवा में दूसरा हवाई अड्डा है।

# आइपीएल 2023 के शेड्यूल में बड़ा बदलाव

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** आईपीएल 2023 का बिगुल बज चुका है। 23 दिसंबर को कोच्ची में आईपीएल के 16वें सीजन के मिनी ऑक्शन का आयोजन किया जाएगा। लेकिन, इस बार आईपीएल की शुरूआत मार्च में नहीं होगी। मिनी ऑक्शन से पहले आईपीएल की शुरूआत को लेकर बड़ा अपडेट आया है। रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल 2023 की शुरूआत अप्रैल में होगी। पहले बताया गया था कि अगले साल मार्च में आईपीएल 2023 की शुरूआत होगी, लेकिन अब मिनी ऑक्शन से पहले आईपीएल की शुरूआत को लेकर बड़ा अपडेट आया है। रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल 2023 की शुरूआत मार्च से नहीं, बल्कि अप्रैल से होगी, क्योंकि मार्च 2023 में महिला आईपीएल का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही इस आईपीएल के लाइव प्रसारण की डिटेल्स भी आ गई हैं। जानकारी के अनुसार, आईपीएल 2023 यानी 16वें सीजन की शुरूआत 1 अप्रैल से होगी। महिला आईपीएल के कारण इस बार आईपीएल की शुरूआत मार्च में नहीं होने वाली है। बीसीसीआई हेडक्वॉर्टर से आ रही रिपोर्ट के अनुसार, महिला आईपीएल के पहले सीजन की शुरूआत 3 मार्च से होगी, जो कि 26 मार्च तक खेला जाएगा। तारीखों में टकराव न हो इसे देखते हुए आईपीएल 2023 करीब सप्ताहभर की देरी से शुरू होगा।

**स्टार स्पोर्ट्स और जियो सिनेमा पर लाइव मैच :** आईपीएल 2023 के लिए सभी फ्रेंचाइजी टीम खिलाड़ियों को पहले ही रिटेन और रिलीज कर लिस्ट जारी कर चुकी हैं। अब 23 दिसंबर 2022 को कोच्ची में मिनी ऑक्शन का आयोजन किया जाएगा। मिनी ऑक्शन में कई दिग्गज खिलाड़ियों पर बोली लगाई जाएगी। मिनी ऑक्शन से पहले आईपीएल के लाइव प्रसारण अधिकार को लेकर भी डिटेल्स सामने आ चुकी हैं। आईपीएल 2023 को क्रिकेट फैंस स्टार स्पोर्ट्स के अलग-अलग चैनल पर लाइव देख सकेंगे। जबकि जियो सिनेमा पर लाइव स्ट्रिमिंग की जाएगी।

**मिनी ऑक्शन के लिए 991 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन :** आईपीएल 2023 के मिली ऑक्शन में कुल 991 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनमें से 714 भारतीय और 277 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। विदेशी खिलाड़ियों में सर्वाधिक 57 खिलाड़ी अकेले ऑस्ट्रेलिया से हैं। वहीं, साउथ अफ्रीका के 52 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इन खिलाड़ियों में 185 कैप्ड और 786 अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं।

**इन खिलाड़ियों का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये :** मिनी ऑक्शन में 21 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनका बेस प्राइस दो करोड़ रुपये है। इनमें बेन स्टोक्स, केन विलियमसन, नाथन कूल्टर-नाइल, क्रिस लिन, टॉम बैंटन, सैम कुरेन, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, क्रिस जॉर्डन, टाइमल मिल्स, आदिल रशीद, फिल सॉल्ट, जेमी ओवरटन, क्रेग ओवरटन, एडम मिल्ने , जिमी नीशम, एंजेलो मैथ्यूज, निकोलस पूरन, रिले रोसौव, रासी वैन डेर डूसन और जेसन होल्डर जैसे दिग्गज शामिल हैं।

# मैंडूस प्रभाव: बेंगलुरु में येलो अलर्ट जारी, तमिलनाडु में चार की मौत

एजेंसी

**बेंगलुरु/चेन्नई।** चक्रवाती तूफान मैंडूस के कारण कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु समेत चामराजनगर, चिक्काबल्लापुर, चिक्कमगलुरु, हासन, कोडागु, कोलार और मैसूरु जिलों में रविवार को ह्ययेलो अलर्टह्ल जारी किया है। तमिलनाडु में इसके कारण हुए भारी बारिश में अबतक चार लोगों की मौत हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज बेंगलुरु समेत राज्य के विभिन्न जिलों में ह्ययेलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, बेंगलुरु में शनिवार शाम 12 मिमी बारिश हुई। दक्षिण-आंतरिक कर्नाटक और तटीय तथा उत्तर-आंतरिक कर्नाटक में कुछ दूरस्थ क्षेत्रों में भी वर्षा दर्ज की गयी। चक्रवाती तूफान मैंडूस के प्रभाव के कारण बेंगलुरू में बारिश हुई। शनिवार को दावणगेरे में तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस और बेंगलुरू में 16.8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। आईएमडी ने संकेत दिया कि बेंगलुरु में 12 दिसंबर तक कभी-कभार बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। सतही हवाएं कभी-कभी उच्च होंगी तथा तापमान में और गिरावट आने की उम्मीद है। चक्रवाती तूफान ममल्लापुरम के पास तट को पार कर गया और अब एक गहरे दबाव के बाद कमजोर हो गया है।

## त्रिपुरा के भाजपा नेताओं के साथ शाह, नड्डा ने की बैठक

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के नेतृत्व में प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं ने रविवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बुलाई गई एक उच्च स्तरीय बैठक में भाग लिया। यह बैठक प्रदेश भाजपा में गुटबाजी को दूर करने और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार करने को लेकर बुलाई गयी थी। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के अलावा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य, उप मुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक, राज्यसभा सांसद एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब और पार्टी के राज्य प्रभारी महेश शर्मा ने भाग लिया। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने पार्टी में गुटबाजी और नेताओं की ओर से की जाने वाली पैरवी को लेकर गंभीर नाराजगी जताई है। सूत्रों ने बताया कि माना जा रहा है कि श्री देब और श्री भौमिक पार्टी में एक समानांतर संगठन चला रहे हैं और श्री साहा के खिलाफ प्रशासन को प्रभावित कर रहे हैं। कई मौकों पर श्री देब और श्री भौमिक कार्यकताओं को श्री साहा के खिलाफ भड़काते पाए गए और सार्वजनिक रूप से उनकी आलोचना की, जिससे भाजपा कमजोर हुई और राज्य में समर्थक भ्रमित हुए हैं।

### भाजपा ने साजिश करके हमारे विधायकों को हराया, जनता लेगी हिसाब

# एकजुट हो जायें, भाजपा का सफाया तय : नीतीश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार ने आज कहा कि विपक्ष की सभी पार्टियां यदि एकजुट होकर चुनाव लड़े तो वर्ष 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूरे देश में हारेगी और हम तीसरा फ्रंट नहीं बल्कि मुख्य फ्रंट बनकर सामने आयेंगे। श्री कुमार ने रविवार को यहां श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में जदयू के राष्ट्रीय अधिवेशन में नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विपक्ष के सभी दलों से 2024 में एकजुट होकर चुनाव लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि उनकी बात हर विपक्षी पार्टी मानेंगी तो भाजपा पूरे देश में हारेगी। अभी तीसरे फ्रंट की बात की जा रही है लेकिन हम मुख्य फ्रंट बनकर सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि सभी विपक्ष की पार्टियों के एकजुट होकर लड़ने से 2024 में हमें भारी बहुमत मिलेगी। इसे लेकर सभी पार्टियों से बातचीत भी चल रही है ।मुख्यमंत्री ने साथ ही यह भी कहा, मेरे सुझाव पर यदि विपक्षी पार्टी चले तो भाजपा जरूर हारेगी लेकिन यदि नहीं मानेगी तो इसमें मेरा कोई नुकसान नहीं है ।ृ उन्होंने कहा कि वह अपने स्तर से इसके लिए कोशिश करते रहेंगे ।

**2020 चुनाव में भाजपा ने की साजिश :** सीएम नीतीश कुमार ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि 2020 के चुनाव में जदयू ने बीजेपी का पूरा साथ दिया, मगर उन्होंने साजिश करके हमारे प्रत्याशी हो ही हराने का काम किया। 2005 से लगातार हमारे विधायकों की संख्या भाजपा विधायकों से ज्यादा रही है। चुनाव में खड़े प्रत्याशियों ने खुलकर भाजपा के साजिश की बात कही है। भाजपा वाले कुढ़नी में जीत पर खुश हैं। मगर हिमाचल और अन्य जगह पर मिली हार की चर्चा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने अपने नेताओं से अपनी की कि अगर कहीं कोई गड़बड़ी की सूचना मिले तो शिकायत करें, ताकि उसकी जांच पड़ताल करके आगे की कार्रवाई की जा सके।

**एकजूट रहें, जीतेंगे ज्यादा सीट :** खुला अधिवेशन में नीतीश कुमार ने कहा कि सभी एकजुट रहें। अगर एकजुट रहेंगे तो 2024 में ज्यादा से ज्यादा सीट जीतेंगे। इस बार थर्ड फ्रंट नहीं मुख्य फ्रंट बनकर काम करेंगे। अगर हमारी सलाह दूसरे राजनीतिक दल मानेंगे तो वो भी निश्चित रुप से भाजपा को हराने में मदद करेंगे, नहीं तो वो अपने स्तर से कोशिश करते रहें।

# तालिबान का पाक सेना पर हमला पांच की मौत, हाई अलर्ट जारी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और तालिबान के बीच जारी तनाव अब हिंसक रूप लेता जा रहा है। तालिबान लड़ाकों ने कंधार प्रांत से सटे स्पिन बोल्डक-चमन सीमा पर पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमला किया है। इस हमले में पांच लोगों के मारे जाने की सूचना है। हमले में घायल 20 लोगों को चमन के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है। घायलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चमन के अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पाकिस्तानी सेना ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सीमा पर भारी संख्या में सैनिकों को भी तैनात किया है। फिलहाल सीमा से होने वाले व्यापार और लोगों की आवाजाही को रोक दिया गया है। पाकिस्तानी सेना को आशंका है कि तालिबान लड़ाके दोबारा हमला कर सकते हैं।

**पाकिस्तानी सेना पर क्यों फूटा तालिबान का गुस्सा :** स्पिन बोल्डक-चमन सीमा पर अफगानी नागरिकों को हो रही असुविधा और उत्पीड़न को लेकर तालिबान पहले ही पाकिस्तान से नाराजगी जता चुका है। तालिबान का आरोप है कि पाकिस्तानी सैनिक अफगान नागरिकों को बेवजह परेशान करते हैं। अफगानों को घंटों भूखे-प्यासे लाइन में खड़ा किया जाता है। उनका नंबर आने के बाद दस्तावेजों को अधूरा बताकर प्रताड़ित भी किया जाता है। विरोध जताने पर अफगान नागरिकों की पिटाई की जाती है। तालिबान का दावा है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पाकिस्तानी सरकार की तरफ से सीमा पर स्थिति सुधारने के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं।

**बेहद महत्वपूर्ण है स्पिन बोल्डक-चमन सीमा पर :** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच व्यापार का बड़ा हिस्सा स्पिन बोल्डक-चमन सीमा के जरिए ही होता है। इस रास्ते से अफगानिस्तान से अनार, सूखे मेवे, कालीन और कई खनिजों को पाकिस्तान में मौजूद बंदरगाहों पर भेजा जाता है। यहां से ये सामान दुनिया के अलग-अलग देशों तक जाते हैं।




### सेमीफाइनल की चारों टीमों का हुआ फैसला

# अब अर्जेंटीना और क्रोएशिया, फ्रांस और मोरक्को में भिड़ंत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 में क्वार्टर फाइनल मुकाबले समाप्त हो चुके हैं। मौजूदा चैंपियन फ्रांस, दो बार की विजेता अर्जेंटीना के साथ-साथ क्रोएशिया और मोरक्को की टीम अंतिम-4 में पहुंच चुकी है। इस राउंड में भी उलटफेर का दौर जारी रहा। ब्राजील, इंग्लैंड और पुर्तगाल जैसी दिग्गज टीमों को क्वार्टर फाइनल में हार मिली है और उनका सफर समाप्त हो चुका है। मौजूदा चैंपियन फ्रांस, दो बार की विजेता अर्जेंटीना के साथ-साथ क्रोएशिया और मोरक्को की टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है।

**14 को पहला सेमीफाइनल :** पहले सेमीफाइनल में अर्जेंटीना और क्रोएशिया की भिड़ंत होने वाली है। यह मैच भारतीय समयानुसार 14 दिसंबर को रात 12:30 बजे से खेला जाना है। क्रोएशिया की नजर पिछले बार की तरह इस बार भी फाइनल में जाने पर होंगी तो वहीं लियोनल मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना हर हाल में खिताब के करीब पहुंचने की कोशिश में लगी है।

**15 को दूसरा सेमीफाइनल :** दूसरा सेमीफाइनल फ्रांस और मोरक्को के बीच 15 दिसंबर को रात 12:30 बजे से खेला जाना है। मोरक्को ने पुर्तगाल के खिलाफ बेहतरीन काम किया और 1-0 से मैच जीतते हुए वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बनने की उपलब्धि हासिल की थी। फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में शानदार जीत हासिल की और लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

**इंग्लैंड का सपना भी चूर :** फीफा वर्ल्ड कप 2022 में शनिवार देर रात हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फ्रांस ने इंग्लैंड को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहली पेनल्टी पर गोल करने के बाद दूसरी पेनल्टी पर चूक गये जिससे इंग्लैंड की विश्व कप की उम्मीदें भी धराशाई हो गयीं लेकिन उनकी टीम के साथियों ने इस स्टार स्ट्राइकर का समर्थन किया। फ्रांस ने विश्व कप क्वार्टर फाइनल के इस मैच में जब 2-1 से बढ़त बना रखी थी तब खेल के 84वें मिनट में इंग्लैंड को बराबरी का मौका मिला लेकिन पेनल्टी पर केन का शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चला गया और इसके साथ ही इंग्लैंड की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें भी खत्म हो गयी। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बापे ने केन की इस चूक का जोरदार जश्न मनाया लेकिन इंग्लैंड के खिलाड़ी और समर्थक सन्न रह गये। केन को स्वयं विश्वास नहीं हो पा रहा था कि वह कितनी बड़ी गलती कर गये हैं।

# जैकलीन फर्नांडीस ने बन ठन कर कराया फोटोशूट

### ट्रांसपेरेंट साड़ी के साथ पहना मैचिंग इयररिंग्स और अंगूठी



**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडीस भले ही श्रीलंका की रहने वाली हों, लेकिन भारत में उनका नाम मशहूर अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल है। वह 2006 की 'मिस यूनिवर्स श्रीलंका' रह चुकी हैं और 'मिस यूनिवर्स 2006' में अपने देश को रिप्रजेंट भी कर चुकी हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन की खूबसूरती का हर कोई दीवाना है. एक्ट्रेस आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। एक बार भी जैकलीन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट से इंटरनेट पर हंगामा मचा रही हैं, जिसमें एक्ट्रेस का साड़ी अवतार देखने को मिल रहा है। जैकलीन ने अभी थोड़ी देर पहले ही अपने सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ लेटेस्ट फोटो शेयर की है। इन तस्वीरों में जैकलीन ने ट्रांसपेरेंट साड़ी पहना हुआ है, जिसमें उनकी खूबसूरती देखते ही बन रही है। जैकलीन ने ट्रांसपेरेंट साड़ी के साथ मैचिंग इयररिंग्स और अंगूठी भी पहन रखी है। अपनी इन तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस एक बार फिर ग्लैमर का तड़का लगाती नजर आ रही हैं। जैकलीन की इन तस्वीरों पर उनके चाहने वाले जमकर प्यार लटा रहे हैं और कमेंट करते हुए उनकी इस अंदाओ की तारीफ भी कर रहे हैं। जैकलीन की इन तस्वीरों पर फैंन- 'बेहद खुबसूरत, लवली, क्वीन ऑफ ब्यूटी' लिखकर एक्ट्रेस के प्रति अपना प्यार जाहिर कर रहे हैं। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित फिल्म 'सर्कस' में जैकलीन अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म क्रिसमस से पहले 23 दिसंबर को रिलीज हो रही है।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII
- Class VIII Today (Combined) ₹ 250
- Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
- Mathematics Practical ₹ 60
- Science Practical ₹ 60
- S. Science Practical ₹ 60
- Hindi Vyakaran-I ₹ 60
- English Grammar-I ₹ 60
- Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

Classes VI & VII
- Class VII Today (Combined) ₹ 240
- Class VI Today (Combined) ₹ 240
- Hindi Vyakaran-I ₹ 60
- English Grammar-I ₹ 60
- Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !